# परिवहन भवन, रोडवेज मुख्यालय और सिंधी कैंप बस स्टैंड भूमि अटैचमेंट प्रकरण की सुनवाई 2 नवंबर को

**तीनों संपत्तियां राज्य सरकार की हैं, रोडवेज प्रशासन को मुख्यालय भवन और सिंधी कैंप बस स्टैंड की भूमि लीज पर दी हुई है, ऐसे में प्रशासन की मांग है कि सरकार इस प्रकरण की पैरवी महाधिवक्ता या अतिरिक्त महाधिवक्ता से करवाएं**

**जयपुर** (कासं)। रोडवेज के मुख्यालय, परिवहन भवन तथा रोडवेज की सिंधी कैंप बस स्टैंड की जमीन के अटैचमेंट (कुर्की) के प्रकरण की सुनवाई 2 नवंबर को वाणिज्यिक न्यायालय क्रम-4 जयपुर महानगर द्वितीय में होगी।

जहां रोडवेज की तरफ से अधिवक्ता प्रतीक माथुर और आर.एन.माथुर पैरवी करेंगे, लेकिन देखना यह है राज्य सरकार की संपत्ति परिवहन भवन को अटैचमेंट से मुक्त करवाने के लिए कौन पैरवी करेगा। हालांकि रोडवेज विभाग ने गत दिनों इस प्रकरण की पैरवी हाईकोर्ट में करवाने के लिए राज्य सरकार से ए.जी. (महाधिवक्ता) से करवाने की मांग की थी। वहीं अगर रोडवेज मुख्यालय और सिंधी कैंप बस स्टैंड की बात करें तो भी यह संपत्ति भी राज्य सरकार की ही है, रोडवेज विभाग तो सिर्फ लीज होल्डर है।

■ **ज्ञात रहे कि गत 17 अक्टूबर को वाणिज्यिक कोर्ट ने मैसर्स आशापुरा ट्रेड एवं ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. की याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान रोडवेज पर 103 करोड़ की रिकवरी निकालते हुए इन संपत्तियों को अटैच करने का आदेश दिया था। यानि कि रोडवेज मुख्यालय के साथ-साथ सिंधी कैंप बस स्टैंड की जमीन और परिवहन भवन और ऑफिस की हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति का हस्तांतरण किसी अन्य को नहीं किया जा सकेगा।**

दरअसल गत 17 अक्टूबर को वाणिज्यिक कोर्ट ने मैसर्स आशापुरा ट्रेड एवं ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. की याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान रोडवेज पर 103 करोड़ की रिकवरी निकालते हुए इन संपत्तियों को अटैच करने का आदेश दिया था। यानि कि रोडवेज मुख्यालय के साथ-साथ सिंधी कैंप बस स्टैंड की जमीन और परिवहन भवन और ऑफिस की हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति का हस्तांतरण किसी अन्य को नहीं किया जा सकेगा।

अदालत के इस आदेश के बाद हड़कंप इसलिए मचा था कि मात्र 103 करोड़ रुपये के लिए रोडवेज की हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच करने के साथ-साथ राज्य सरकार की संपत्ति परिवहन भवन को भी अटैच करने का आदेश हुआ। जबकि परिवहन भवन, रोडवेज की संपत्ति नहीं है।

हालांकि गत 23 अक्टूबर को जब रोडवेज के कार्यकारी निदेशक, और कार्यकारी निदेशक (विधि) ने अधिवक्ता प्रतीक माथुर और आर.एन.माथुर के साथ इस प्रकरण में अदालती पैरवी के लिए चर्चा की। तब यह बात सामने आई कि परिवहन भवन की संपत्ति के अटैचमेंट के बारे में पैरवी के लिए राज्य सरकार से महाधिवक्ता (ए.जी.) या अतिरिक्त महाधिवक्ता (ए.ए.जी.) की मांग की जाये।

क्योंकि सिंधी कैंप बस स्टैंड को मल्टीमॉडल इंटीग्रेटेड आईएसबीटी हब के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की थी। अगर केन्द्रीय बस स्टैंड सिंधी कैंप की संपत्ति अटैच होती है तो मुख्यमंत्री की योजना की साख को भी धक्का लगेगा। सिंधी कैंप बस स्टैंड से कई अंतर्राज्यीय और अंतर्जिला बसें संचालित होती है, वे भी प्रभावित होंगी।

## पूर्व डीजीपी के फार्म हाऊस में चोरी करने वाले कबाड़ी पकड़े

**जयपुर**। करधनी पुलिस ने पूर्व डीजीपी के फार्म हाउस पर सामान चोरी करने वाले तीन चोर सहित चार कबाडियों भी गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से चोरी का माल बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित नशा करने के आदि है और नशे की हालात में चोरी की वारदात को अंजात देते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी (वेस्ट) वंदिता राणा ने बताया आरोपित सुरज्ञान मीणा (37) निवासी मीणों का मोहल्ला नांगल जैसा बोहरा, राहुल कुमार चौधरी उर्फ ऋषि (23) निवासी उदयपुरवाटी हाल भीम नगर विस्तार निवारू रोड, मनोज कुमार यादव (35) निवासी नवलगढ़ हाल बालाजी विहार हरमाड़ा सहित चोरी का माल खरीदने वाले कबाडी आरीफ खान (22) निवासी गंगापुर सिटी हाल कबाडी का गोदाम, कनकपुरा, करण चौहान (20) निवासी दरौली जिला सिवान बिहार हाल नांगल जैसा बोहरा, जुबैर हुसैन (28) निवासी बदायूं हाल झोटवाड़ा और भूरा (37) निवासी सहारनपुर हाल कबाडी का गोदाम झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि आरोपियों ने थाना इलाके में स्थित पूर्व डीजीपी के फार्म हाउस पर 22 अक्टूबर को चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।


# अफीम तस्करी में लिप्त बीएसएफ का इंस्पेक्टर जयपुर में गिरफ्तार

**आरोपी इंस्पेक्टर मणिपुर में तैनात है, वह आसाम से अफीम खरीदकर जयपुर और आसपास के जिलों में नेटवर्क के जरिए बेचकर लाखों रुपये मुनाफा कमाता था**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) का एक इंस्पेक्टर अफीम तस्करी में लिप्त था। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने तस्करी के इस खेल का भंडाफोड़ कर इंस्पेक्टर सहित उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित इंस्पेक्टर मणिपुर में तैनात है, जोकि आसाम से अफीम खरीद जयपुर लाकर आसपास के जिलों में अपने नेटवर्क के जरिए अफीम की सप्लाई कर गलत तरीके से लाखों रुपए कमा रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

एडिशनल कमिश्नर (फर्स्ट) अजय पाल लांबा ने बताया यह कार्रवाई सीएसटी ने हरमाड़ा और चौमूं में इलाके में की है। सीएसटी के कॉन्स्टेबल अनिल कुमार और विकास की सूचना पर सप्लाई देने आए आरोपियों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार तस्कर खंडेला निवासी राजेंद्र कुडी (42) बीएसएफ में इंस्पेक्टर तैनात है, जबकि इसके साथी हरमाड़ा निवासी कैलाश देवन्दा (40) व चौमूं निवासी मदन बराला (49) को भी गिरफ्तार किया गया है।



आरोपी इंस्पेक्टर राजेन्द्र कुड़ी

पुलिस ने मौके पर आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 385 ग्राम अफीम, तस्करी में प्रयुक्त कार और 70 हजार रूपए बिक्री राशि बरामद की है।

■ **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 385 ग्राम अफीम, तस्करी में प्रयुक्त कार और 70 हजार रूपए बिक्री राशि बरामद की**

■ **पुलिस ने आरोपी के जयपुर व सीकर में ठिकानों पर दबिश देकर 4 किलो 702 ग्राम अफीम, एक पिस्टल, 2 मैग्जीन व 12 कारतूस बरामद किए**

पुलिस ने आरोपी के जयपुर व सीकर में ठिकानों पर दबिश देकर 4 किलो 702 ग्राम अफीम, 1 पिस्टल, 2 मैग्जीन व 12 कारतूस बरामद किए है। आरोपित इंस्पेक्टर राजेंद्र कुडी मणिपुर में बीएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है, जोकि मणिपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों से उच्च क्वालिटी की अफीम करीब 1.20 लाख रूपए प्रति किलो की दर से खरीद जयपुर में बड़े डीलरों को 1.80 लाख रूपए प्रति किलो के हिसाब से बेचता है। पूछताछ में सामने आया कि राजेन्द्र अपनी लग्जरी कार में आसाम से अफीम की तस्करी कर जयपुर लाया था। एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी ने बताया कि आरोपी के पास से जयपुर कमिश्नरेट के सीआई का फर्जी आईकार्ड मिला हैं। वह राजस्थान में पुलिस के रोकने पर फर्जी आईकार्ड दिखाकर निकल जाता था। सीएसटी काफी समय से आरोपित के पीछे लगी हुई थी। आरोपी दीपावली पर ही जयपुर आया था, लेकिन घर आने से पहले वह गांव चला गया। आरोपी खुद भी अफीम खाने का आदि हैं।

## आरटीओ से फैंसी नंबर दिलवाने के नाम पर ठगी

**जयपुर**। आरटीओ एजेंट द्वारा कार नवीनीकरण एवं फैंसी नंबर दिलवाने के नाम पर हजारों रूपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित की ओर से रामनगरिया, जगतपुरा पुलिस थाने में एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। महल रोड, जगतपुरा निवासी मनीष जैन ने मामला दर्ज करवाया है कि प्रताप नगर निवासी मयंक बंसल आरटीओ से सम्बंधित कार्य करवाता है। मयंक ने पीड़ित के फ्लैट पर 18 अक्टूबर को प्रातः लगभग 10.30 बजे आकर मारुती वैगन आर कार की मूल आरसी, अन्य आवश्यक दस्तावेज, फॉर्म-35 मय रूपए 7 हजार 700 नगद लिए थे और कार की नवीनीकृत 21 अक्टूबर को उपलब्ध करवाने का वादा किया था। पीड़ित द्वारा हाल ही में धनतेरस को क्रय की गई नई सुजुकी बलेनो कार के लिए आरटीओ से फैंसी नंबर के आवंटन के लिए भी आरोपित मयंक बंसल को 21 अक्टूबर प्रातः 10 बजे इनकम टैक्स कॉलोनी, दुर्गापुरा स्थित अपने कार्यालय एड्रेस पर 15 हजार नगद भी दिए। मयंक ने कहा था कि वांछित फैंसी रजिस्ट्रेशन नंबर वह आरटीओ जगतपुरा में आवेदन कर आरक्षित करवा देगा। इसके बावजूद भी आरोपित मयंक ने तो नंबर दिलाए और न ही फोन व मैसेज का कोई जवाब दे रहा है।

# युवक का अपहरण कर दो लाख रुपये फिरौती मांगने वाले 6 बदमाश दबोचे



**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया थाना पुलिस ने अपहृत हुए व्यक्ति को मुक्त करवा कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो वाहन जब्त किए हैं।

डीसीपी (ईस्ट) डॉ. राजीव पचार ने बताया अपहरणकर्ता भरत राज धाकड निवासी ग्राम भगवानपुरा जिला टोंक, दिलीप जाट निवासी नदबई, इरफान निवासी बसेडी हाल मानसिंहपुरा टोक फाटक, सूर्य प्रकाश जाट, संजय चौधरी और विक्रम चौधरी निवासी टोडारायसिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने फिरौती की रकम प्राप्त करने के लिए गैंग बनाकर 29 अक्टूबर को रिंकू गुर्जर उर्फ प्रिंस को ज्ञान विहार स्थित उसके रिहायशी स्थान से जोर-जबरदस्ती उठाकर अपने साथ ले गए और मारपीट कर मोबाइल से उसके परिचितों से फिरौती की राशि मंगवाने के लिये सम्पर्क करवाया तथा अपहृत को मुक्त करने के लिये दो लाख रूपए की मांग की थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## व्यापार बढ़ाने का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। करणी विहार इलाके में एक महिला से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 36 वर्षीया महिला शादीशुदा है। वह एक निजी कंपनी में ऑनलाइन सेलर का कार्य पिछले दो-तीन साल से कर रही है। इस दौरान उसकी तरुण छीपा से जान-पहचान हुई।

आरोप है तरुण ने पहले तो व्यापार बढ़ाने की टिप्स देकर नजदीकी बढ़ाई और एक दिन होटल में ले जा कर नशीला पदार्थ पिला कर दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद ब्लैकमेल कर देहशोषण किया और व्यापार में नुकसान पहुंचाया। पीड़िता की स्कूटी भी तोड़ दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# अन्नकूट महोत्सव में प्रतिभाओं का सम्मान



**जयपुर** (कासं)। जयपुर के आगरा रोड स्थित सीताराम-सरस्वती एनक्लेव सोसाइटी की तरफ से रविवार को अन्नकूट महोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोसायटी अध्यक्ष केके शर्मा ने बताया कि समारोह में दसवीं व 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में कॉलोनी के 400 से अधिक बाशिंदों ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाला समारोह कोरोना के चलते पिछले 2 वर्षों से नहीं हो सका था। उन्होंने बताया कि समारोह का उद्देश्य कॉलोनीवासियों से मेल मिलाप बढ़ाना और क्षेत्र विशेष संबंधी समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराना है।

# दो युवतियों के गले से चेन तोड़ने का प्रयास

**जयपुर**। बजाज नगर इलाके में दुस्साहसी लुटेरों ने पहले चलती स्कूटी पर दो बहनों के गले से चेन लूटने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों आगे बढ़ी तो बदमाशों ने पीछा कर सड़क पर धक्का देकर गिरा दिया। वे संभलती तो उसके पहले लुटेरे एक युवती के गले से चेन लूट कर फुर्र हो गए। गिरने से एक युवती के पैर में गंभीर चोट आई है, जबकि उसकी छोटी बहन के भी शरीर पर चोट लगी हैं।

दरअसल, दुर्गापुरा में शांति नगर स्थित मकान संख्या-331, में रहने वाले विक्रम सिंह (42) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी दो बेटियां काजल और सलोनी हैं। 21 अक्टूबर की दोपहर काजल स्कूटी पर सलोनी के लिए जूते दिलवाने गौरव टावर गई थी। वहां से वापिसी में घर आते समय हिम्मत नगर के पास करीब 3:30 बजे पीछे से बाइक पर आए तीन बदमाशों ने स्कूटी पर पीछे बैठी सलोनी के गले पर झपट्टा मार सोने की चेन लूटने का प्रयास किया। इस पर दोनों बहने सतर्क हो गई और आगे बढ़ गई। इसके बाद बदमाशों ने उनका पीछा किया और थोड़ा आगे ही दोनों को धक्का देकर नीचे सड़क पर गिरा दिया। दोनों संभल पाती इससे पहले ही बदमाश सलोनी के गले से सोने की चेन तोड़ ले गए। बदमाशों के हमले में काजल के घुटने में गंभीर चोट लगी है। इधर, सलोनी के पैर में भी चोट आई है।

## फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूटने वाला मास्टरमाइंड पकड़ा

**जयपुर**। करधनी पुलिस ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लूट मामले में मास्टरमाइंड को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपित अपहरण के मामले में सामोद थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार हो चुका है। आरोपित के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक पिस्टल बरामद की है। मामले में पुलिस पूर्व में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा ने बताया गिरफ्तार आरोपित विक्की रोहिता उर्फ विकास (28) थाना कनीना जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा का रहने वाला है। वह अपने साथियों के साथ पुलिस की वर्दी में घर में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम देता था।

# युवती से दुष्कर्म कर ब्लैकमेलिंग

**जयपुर**। शास्त्रीनगर इलाके में एक युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इलाके निवासी युवती का आरोप है कि परिचित शक्ति सिंह एक बार उसे होटल ले गया, जहां नशीला पदार्थ पिलाने के बाद दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर देहशोषण करता आ रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, गलता गेट थाने में इलाके निवासी युवती ने कामिल नाम के युवक पर शादी का झांसा देकर देहशोषण करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## बाइक चोरी

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर इलाके में वाहन चोर घर के बाहर खड़ी बुलेट बाइक चुरा ले गए। पुलिस ने बताया मूलतया बयाना, भरतपुर निवासी जागृत तिवारी वन विहार कॉलोनी स्थित मकान संख्या ए-12, में किराए से रहकर पढ़ाई कर रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक 28 अक्टूबर की रात जागृत ने अपनी बुलेट बाइक घर लाकर खडी कर दी थी। सुबह बाइक नहीं मिली।

# 23 ब्रह्मचारिणी बहनों ने जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित किया




**23 युवा बाल ब्रह्मचारिणी बहनों ने अपना जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित करने की शपथ ली।**

**जयपुर**। जयपुर की सडकों पर उस समय अध्यात्म की अनूठी धारा बह निकली जब 16 बग्गियों पर सवार 23 युवा बाल ब्रह्माचारिणी बहनों का कारवां निकला। सैकड़ों की तादाद में लोगों ने जगह जगह फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस मनोरम दृश्य को देखने के लिए सडकों पर लोग ठहर गये। सबसे पहले बग्गी में संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका तथा यूरोपियन सेवाकेन्द्रों की निदेशिका राजयोगिनी बीके जयन्ति सवार होकर उनका गौरव बढ़ा रही थी।

संस्थान के वैशालीनगर सेवाकेन्द्र से समारोह स्थल तक तीन किमी की यात्रा तय करने में तकरीबन एक घंटे से ज्यादा क समय लगा। समारोह स्थल पर हजारों लोग इन बहनों के दर्शन के लिए उमडे पडे थे। इन बहनों का भव्य स्वागत सत्कार तथ सजाधजा कर मंच पर बिठाया। सफेद साड़ी और पीली चुनरी ओढ़े बहनों का रुहानी आकर्षण हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके जयंति ने कहा कि राजस्थान की धरती वीरों और सपूतों की धरती है। यहाँ की संस्कृति में त्याग और तपस्या का बल पहले से ही है। इन बेटियों ने यह जीवन अपनाकर यह सिद्ध किया है कि नारी समाज को बदलने का वीणा उठा सकती है। परमात्मा का ज्ञान और उनके तरफ अग्रसर कर जीवन को श्रेष्ठ बनाया जा सकता है।

## सार-समाचार

### फोटो जर्नलिस्ट जाकिर हुसैन सम्मानित



**जयपुर** (कासं)। हेल्पलाइन फाउंडेशन द्वारा जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान सभागार में रविवार 30 अक्टूबर को प्रतिभा सम्मान समारोह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। हेल्पलाइन फाउंडेशन के अध्यक्ष अबरार अहमद ने बताया कि मेहमानों के स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान वक्ताओ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। इस अवसर पर डेढ़ सौ मेघावी छात्रों को सर सैयद अवार्ड 2022 से नवाजा गया। वही समाज के उत्थान के लिए काम करने वाली संस्थाओं, समाजसेवियों एवं पत्रकारों को भी कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 150 प्रतिभाशाली विध्यार्थियों को मेडल, ट्रॉफी, नाम अंकित किए हुए मग एवं प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस अवसर पर पत्रकार श्रेणी में राष्ट्रदूत के फोटो पत्रकार जाकिर हुसैन के साथ साथ फरहान इसराइली, नईम अहमद, आरिफ़ आज़ाद को समाजसेवी श्रेणी में लक्ष्मण शर्मा, हाजी यासिर हुसैन सूफी, अब्दुल जमील खान, शहजाद खान एवं हाजी यासिर हुसैन सूफी एवं अन्य लोगो को मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया।

### हैलोईन फेस्ट में झूमे जयपुराइट्स



**जयपुर**। फेस्टिव सीजन और हैलोईन फीवर को देखते हुए गुलाबी नगरी में सोशल गेट-टुगेदर खास रहा। कुछ ऐसा ही नजारा था आदर्श नगर स्थित द पोइज़न क्लब के भव्य लॉन्च कार्यक्रम का, जहां शहर के कई गणमान्यों ने इवनिंग म्यूज़िकल गाला में शिरकत की। इस दौरान सिटी के जाने माने ब्लोगर्स, बियरोक्रेट्स, फैशन डिज़ाइनर्स और फैशन लवर्स मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लाइव म्यूज़िक कॉन्सर्ट, बेले डांस परफॉरमेंस, फायर एक्ट्स और एरियल एक्ट ने दर्शकों का दिल बहलाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीईओ और एडिटर इन चीफ भारत 24, सीएमडी फर्स्ट इंडिया न्यूज़ डॉ जगदीश चन्द्र, आईपीएस संदीप सिंह चौहान, एसीपी सांवरमल नागोरा, गौरव गौड़ ने शिरकत की। साथ ही आयोजक दशरथ सिंह नाथावत, मंजू वर्मा, अनूप सोनी ने कार्यक्रम में मौजूद एलीट मिस राजस्थान 2022 की तीनों फाइनलिस्ट स्वेता राजे, देवश्री हाडा, शीना पराशर को जीत की बधाई दी।

### दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न




**जयपुर** (कासं)। सैनी समाज कर्मचारी-अधिकारी विकास संस्था रेलवे विभाग की ओर से रविवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह जयपुर में विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के नजदीक गणेशम रेस्टोरेंट में हुआ। जहां पूर्व आईएस ओ.पी.सैनी, प्रदेशाध्यक्ष सुरेश सैनी, प्रदेश महासचिव सुरेश सचिवालय, मातुराम, के.एल.भाटी, पुनाराम जोधपुर, धर्मपाल अजमेर, मकखन अजमेर, रेलवे संयोजक सुशील चौहान, रेलवे महासचिव हुक्म चन्द, महिला विंग अध्यक्षा तरुणा सैनी मौजूद थे। रेलवे अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सैनी ने सभी का स्वागत व अभिन्दन किया।

### गोठरवाल दूसरी बार अध्यक्ष बने



**जयपुर**। राजस्थान प्रांतीय श्री नामदेव छीपा समाज महासभा समिति सांगानेर की साधारण आमसभा और प्रांतीय चुनाव रविवार को डिग्गी मालपुरा रोड, सायपुरा स्थित वृंदावन गार्डन में सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी बाबूलाल तोणगरिया ने बताया कि महासभा की आम सभा में अशोक गोठरवाल को दूसरी बार 5 साल के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने बताया कि चुनाव में पूरे राजस्थान से 15 सौ पुरुष और महिलाओं ने हिस्सा लिया। इनमें प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री और सदस्य शामिल रहे। समिति के पूर्व प्रांतीय मंत्री चन्द्रदीप मेड़तवाल और रामस्वरूप खंडेलवाल ने बताया कि समिति की प्रांतीय सभा में करीब 2150 सदस्य हैं। समाज की यह समिति 1994 से संचालित है।

### अन्नकूट प्रसादी पाने उमड़े श्रद्धालु



**जयपुर** (कासं)। श्री शिव महापुराण कथा समिति जयपुर की ओर से दीपावली स्नेह मिलन और अन्नकूट प्रसादी रविवार को मंगलेश्वर महादेव मंदिर, विद्याधर नगर में हुई। कार्यक्रम में समिति सदस्य और उनके परिवारजन उपस्थित हुए और सभी ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। इससे पहले मंदिर में भगवान शिव का मनोरम श्रृंगार किया गया। भजन संध्या में कलाकारों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, उपमहापौर पुनीत कर्णावट समिति के अध्यक्ष प.सुरेश शास्त्री, महामंत्री अरुण खटोड़ व संयोजक चन्द्र प्रकाश खण्डेलवाल थे।